क्या होगा अगर दुर्व्यवहार करने वाले ने मेरी कार ले ली? या मुझे मेरे घर में नहीं आने देगा? या यह मुझे अन्य तरीकों से वित्तीय रूप से चोट पहुँचा रहा है?

आपके पास वास्तविक या व्यक्तिगत संपत्ति के उपयोग, कब्जे और नियंत्रण (आदेश की अवधि के लिए) और उस अवधि के दौरान देय किसी भी ग्रहणाधिकार (liens) या ऋणभारों (encumbrances) के भुगतान के संबंध में अदालती आदेश प्राप्त करने का अधिकार है। (फैम्ली लॉ कोड, सेक्शन 6342.5)। अदालत यह फैसला भी कर सकती है कि विशिष्ट कर्ज़ घरेलू हिंसा के परिणामस्वरूप और आपकी सहमति के बिना लिए गए थे।

HERA

हाउसिंग और आर्थिक अधिकारों के एडवोकेट

हम से संपर्क करें:

(510) 271-8443 Ext. 300

inquiries@heraca.org

www.heraca.org

P.O. Box 29435

Oakland, CA 94604

California Commission ON THE STATUS OF WOMEN AND GIRLS

यह प्रोजैक्ट कैलिफोर्निया कमिशन ऑन द स्टेटस अव विमिन ऐन्ड गर्ल्ज़ (California Commission on the Status of Women and Girls) के अनुदान से संभव हुआ था।

वित्तीय दुरुपयोग के संबंध में सर्वाइवरों के अधिकार

अदालत आदेश दे सकती है कि आप अपने नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति या प्रतिपूर्ति प्राप्त करें।

"आदेश कि प्रतिवादी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार या दुर्व्यवहार से लगी कोई भी वास्तविक शारीरिक चोट के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में, याचिकाकर्ता को चिकित्सा देखभाल और अस्थायी आवास के लिए खर्च, सहित, लेकिन उस तक सीमित नहीं, कमाई के नुकसान और आउट-ऑफ-पॉकेट खर्चों के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाए।"
(फैम्ली लॉ कोड, सेक्शन 6342)।

पज़ेशन अव होम - कैलिफोर्निया फैम्ली कोड §§ 6321(A); 6340(C)

घरेलू हिंसा निरोधक आदेश के एक भाग के रूप में, अदालत प्रतिबंधित पक्ष को पारिवारिक निवास, दूसरे साथी के निवास, साझा निवास, या बच्चों की देखभाल करने वाले साथी के निवास से बाहर जाने का आदेश दे सकती है, इस बात की परवाह किए बिना कि किस पक्ष के पास घर का कानूनी टाइटल है (या जो लीज़ पर है)।[1] यह घरेलू हिंसा के सर्वाइवर को स्थिर आवास में रहने की अनुमति देता है, भले ही संपत्ति उनके साथी के स्वामित्व में हो।

[1] कैलिफोर्निया फैम्ली कोड § 6321; देखें, उदाहरण, Nicole G. v. Braithwaite, 49 Cal. App. 5th 990, 993, 262 Cal. Rptr. 3d 918, 920 (2020) (असूचित) ("द डमेस्टिक वाइलेन्स प्रीवेन्शन ऐक्ट और फैम्ली कोड 1 सेक्शन 6340, 6321, और 6324 अदालत को प्रतिबंधित पक्ष को संपत्ति से बाहर जाने का आदेश देने के लिए और संरक्षित पक्ष को संपत्ति का उपयोग करने और उस का कब्जा रखने की अनुमति देने के लिए अधिकार देते हैं।")

मॉर्गिज भुगतान - कैलिफोर्निया फैम्ली कोड § 6324

एक अस्थायी घरेलू हिंसा निरोधक आदेश के हिस्से के रूप में, अदालत यह निर्धारित करने के लिए एक आदेश दे सकती है कि किसी भी ग्रहणाधिकार या ऋणभार (जैसे मॉर्गिज के भुगतानों) के लिए कौन जिम्मेदार होगा, जो उस अवधि के दौरान देय होगा जिसमें आदेश प्रभावी होगा।[2]

यदि सर्वाइवर का नाम मॉर्गिज पर है, लेकिन इकरारी (promissory) नोट पर नहीं है, तो एक सर्विसर सर्वाइवर से भुगतानों को अस्वीकार करने का प्रयास कर सकता है। सर्वाइवर इकरारी नोट और दायित्वों को सर्वाइवर को स्थानांतरित करने के लिए अदालत में याचिका दे सकता है, या कम से कम पुनर्वित्तीयन द्वारा मॉर्गिज का भुगतान करके मुक्त कराने पर जोर दे सकता है।[3]

स्थानांतरण लंबित तलाक (TRANSFERS PENDING DIVORCE) - कैलिफोर्निया फैम्ली कोड § 2040

घरेलू हिंसा के सर्वाइवर और उनके साथी के बीच तलाक के दौरान, अदालत एक ऑटोमैटिक अस्थायी निरोधक आदेश जारी करेगी। →

[2] कैलिफोर्निया फैम्ली कोड § 6324.
[3] Loughran v. Lemmon, 19 App. D.C. 141, 149 (D.C. Cir. 1901); NCLC, Special Issue: Foreclosures and Domestic Violence Survivors, NCLC Reports Bankruptcy and Foreclosures Edition 27, at 14, 16 (Jan. & Feb. 2009).

यह किसी भी भागीदार को निवास में किसी भी हित को तब तक स्थानांतरित करने से रोकने के लिए है जब तक कि अदालत द्वारा सभी संपत्ति के स्वामित्व का निर्णय नहीं किया जाता और उसे प्रसारित नहीं किया जाता है।[4] यह सुरक्षा घरेलू हिंसा के सर्वाइवरों के लिए विशिष्ट नहीं है, लेकिन दुर्व्यवहार करने वाले को अपने परिवार के घर को बेचने या अन्यथा स्थानांतरित करने से रोकने में सहायक हो सकती है जो पूरी तरह से दुर्व्यवहार करने वाले के नाम पर है।

यह ऑटोमैटिक अस्थायी निरोधक आदेश किसी भी साथी को तलाक के दौरान संपत्ति को ऋणग्रस्त करने से रोकता है, जो कि दुर्व्यवहार करने वाले के घर से इक्विटी को पहले से ही छीनने के प्रयासों के खिलाफ कुछ सुरक्षा प्रदान कर सकता है।[5]

क्या आपके साथ दुर्व्यवहार करने वाले ने आपके नाम से कर्ज़ इकट्ठा करने के लिए आपकी पहचान चुराई है?

आपके नाम के तहत कर्ज़? सिविल कोड § 1788.18 "पहचान की चोरी अपराध" के शिकार को पहचान की चोरी के माध्यम से किए गए कर्ज़ को वसूल करने के कर्ज़ संग्रहकर्ता के प्रयास को विवादित और विलंबित करने की अनुमति देता है। पहचान की चोरी के शिकार के द्वारा पहचान की चोरी और वसूल किए जा रहे विशिष्ट कर्ज़ के साथ उसके संबंध के आवश्यक दस्तावेज जमा कर देने के बाद, कर्ज़ संग्राहक के लिए संग्रह गतिविधि को तब तक रोक देना आवश्यक है जब तक कि वह एक समीक्षा पूरी नहीं कर लेता है और पाता है कि देनदार विशिष्ट विवादित कर्ज़ के लिए जिम्मेदार है।[6]

[4] कैलिफोर्निया फैम्ली कोड § 2040.
[5] कैलिफोर्निया फैम्ली कोड § 2040(a)(2)(A).
[6] कैलिफोर्निया फैम्ली कोड § 1788.18(d).